M–ESC–D–GPY

भूगोल (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाएँ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

GEOGRAPHY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड—A / SECTION—A

1. *(a)* आपको दिए गए भारत के रेखामानचित्र पर निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू० सी० ए० पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम *30* शब्दों में लिखिए :

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than *30* words for each entry : 2×10=20

(i) पीर पंजाल पर्वतश्रेणी
Pir Panjal Range

(ii) इन्द्रावती नदी
River Indravati

(iii) नाथू ला दर्रा
Nathu La Pass

(iv) जोग जलप्रपात
Jog Falls

(v) पुलीकट झील
Pulicat Lake

(vi) कुडनकुलम
Kudankulam

(vii) नालन्दा
Nalanda

(viii) कुद्रेमुख
Kudremukh

(ix) पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय
Headquarters of N-E Railways

(x) फरक्का बैराज
Farakka Barrage

Optional Province · optionalprovince.com

INDIA

WITH AFGHANISTAN, BANGLADESH, BHUTAN, NEPAL, MYANMAR (BURMA), PAKISTAN AND SRI LANKA



Optional Province · optionalprovince.com

(b) हिमालय में नदी मार्गों के स्थानांतरण और नदी प्रग्रहण (रिवर कैप्चरिंग) को स्पष्ट कीजिए। (लगभग *150* शब्दों में)

Explain the shifting of river courses and river capturing in the Himalayas. (In about *150* words) 10

(c) भारत के पड़ोसी देशों के साथ स्थानिक सम्बन्धों का उल्लेख कीजिए। (लगभग *150* शब्दों में)

Mention the space relationship of India with neighbouring countries. (In about *150* words) 10

(d) कृषि सघनता की परिभाषा दीजिए और भारत में इसके प्रादेशिक वितरण पर प्रकाश डालिए। (लगभग *150* शब्दों में)

Define agricultural intensity and bring out its regional distribution in India. (In about *150* words) 10

2. (a) भारत के जलवायु प्रदेशों के परिसीमन में वर्षा एवं ताप के स्थानिक प्रतिरूप की भूमिका पर, विशेषकर स्टैम्प के जलवायवी प्रादेशीकरण का हवाला देते हुए, विवेचना कीजिए। (लगभग *250* शब्दों में)

Discuss the role of spatial pattern of rainfall and temperature in the delimitation of climatic regions of India especially with reference to Stamp's climatic regionalization. (In about *250* words) 20

(b) गंगा के मैदानों में बाढ़-प्रवण क्षेत्रों और उनकी प्रबंधन समस्याओं का वर्णन कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Describe the flood-prone areas and their management problems in the Ganga Plains. (In about *200* words) 15

(c) भारत की नई औद्योगिक नीतियों को समझाइए। (लगभग *200* शब्दों में)

Explain the New Industrial Policies in India. (In about *200* words) 15

3. (a) भारत के महत्त्वपूर्ण जीवीय संसाधन प्रदेशों की पहचान कीजिए तथा उनकी समस्याओं पर प्रकाश डालिए। (लगभग *250* शब्दों में)

Identify the important biotic resource regions of India and highlight their problems. (In about *250* words) 20

(b) पूर्वोत्तर भारत में नृजातीय असमानताओं की ओर इंगित कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Point out the ethnic disparities in the N-E India. (In about *200* words) 15

(c) भारत के नव्यकरणीय संसाधनों के विकास का विवरण प्रस्तुत कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Give an account of the development of renewable resources of India. (In about *200* words) 15

Optional Province · optionalprovince.com

4. *(a)* भारत में नदी जल परिवहन के विकास और प्रादेशिक विकास में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालिए। (लगभग *250* शब्दों में)

Bring out the development of river water transport in India and its role in regional development. (In about *250* words) 20

(b) भारत में आर्थिक विकास के पर्यावरणीय निम्नीकरण पर प्रभाव को स्पष्ट कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Explain the impact of economic development on environmental degradation in India. (In about *200* words) 15

(c) भारत में काली मृदाओं के वितरण और कृषि में उनके विशिष्ट उपयोग का वर्णन कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Describe the distribution of black soils in India and their specific use for agriculture. (In about *200* words) 15

खण्ड—B / SECTION—B

5. प्रश्न संख्या **5***(a)* से **5***(e)* के लिए प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में लिखिए :

For Question Nos. **5***(a)* to **5***(e)*, write on each in about *150* words :

(a) भारत में स्त्री-पुरुष अनुपात के वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए।

Discuss the factors influencing the distribution of sex ratio in India. 10

(b) "बोकारो लौह व इस्पात संयंत्र औद्योगिक संकुल का एक उदाहरण है।" व्याख्या कीजिए।

"The Bokaro Iron and Steel Plant is an example of Industrial Complex." Explain. 10

(c) गंदी बस्तियाँ किस प्रकार बन जाया करती हैं? उनके सुधार के लिए ठोस सुझाव दीजिए।

How do slums develop? Give concrete suggestions for their improvement. 10

(d) दक्षिण एशिया की भू-राजनीति (जिओ-पॉलिटिक्स) में भारत की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

Explain the role of India in the geo-politics of South Asia. 10

(e) दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार के प्रतिरूप का विश्लेषण कीजिए।

Analyze the pattern of India's trade with the S-E Asian countries. 10

Optional Province · optionalprovince.com

6. *(a)* राजस्थान मरुस्थल में और भारत के उत्तर-पूर्वी प्रदेशों में मानव बस्तियों के वितरण के लिए उत्तरदायी भौगोलिक कारकों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए। (लगभग *250* शब्दों में)

Present a comparative analysis of geographical factors responsible for distribution of human settlements in Rajasthan desert and North-Eastern regions of India. (In about *250* words) 20

(b) भारत में कृषि विकास में सड़क परिवहन की भूमिका को, उपयुक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, स्पष्ट कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Explain with suitable examples the role of road transport in agricultural development in India. (In about *200* words) 15

(c) भारत में संसाधन-उपयोग पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Evaluate the impact of technology on resource utilization in India. (In about *200* words) 15

7. *(a)* भारत में सूती-वस्त्र उद्योगों की अवस्थिति, वितरण प्रतिरूप और समस्याओं का विश्लेषण कीजिए। (लगभग *250* शब्दों में)

Analyze the location, distributional pattern and problems of cotton textile industries in India. (In about *250* words) 20

(b) भारत के मुख्य जनजातीय प्रदेशों तथा उनकी समस्याओं का वर्णन कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Describe the major tribal regions of India and their problems. (In about *200* words) 15

(c) भारत में आर्थिक विकास में प्रादेशिक असमानताओं के कारणों का परीक्षण कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Examine the causes of regional disparities in economic development in India. (In about *200* words) 15

8. *(a)* भारत में नगरीकरण के कारणों एवं प्रभावों का वर्णन कीजिए और ग्रामीण भूदृश्य एवं नगरीय पारिस्थितिकी पर उसके प्रभाव को स्पष्ट कीजिए। (लगभग *250* शब्दों में)

Describe the causes and effects of urbanization in India and explain its impact on rural landscape and urban ecology. (In about *250* words) 20

Optional Province · optionalprovince.com

(b) "भारत ने हरित क्रांति की उपलब्धि के लिए आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिकीय लागत के रूप में भारी कीमत चुकाई है।" विवेचना कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

"India has paid heavily for achievement of Green Revolution in the form of economic, social and ecological cost." Discuss. (In about *200* words) 15

(c) चीन-भारत सीमा विवाद के उद्‌भव, विस्तार और विवक्षाओं को स्पष्ट कीजिए। (लगभग *200* शब्दों में)

Explain the origin, dimension and implications of Sino-Indian border dispute. (In about *200* words) 15

★ ★ ★

Optional Province · optionalprovince.com